**कार्यालय अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय,**
उ0 प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं
गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा– 281001.

पत्र संख्याः ⁄Dean-Extension/2021 दिनांकः जुलाई 02 , 2021

## कार्यालय–ज्ञाप

राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक ई 3354 ⁄ जी.एस. दिनांक 28–05–2021 के द्वारा विश्वविद्यालय से महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना की अपेक्षा की गयी है, जहाँ महिलाओं के लिये विस्तार गतिविधियों ⁄ कार्यक्रमों का आयोजन हो सके। महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना के मुख्य उद्देश्य की रणनीति निम्न वर्णित की गई है :–

1. महिला अध्ययन केन्द्र औपचारिक कोर्स संचालित करने का केन्द्र नहीं होगा वरन् एक ऐसा केन्द्र होगा जहाँ पर बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, आर्थिक एवं स्वालम्बन की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया जायेगा।
2. विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ महिला जगत को अधिक से अधिक प्राप्त हो सके, इस बारे में उन्हें इनकी जानकारी और व्यावहारिक ज्ञान से भी अवगत कराया जायेगा।
3. महिलाओं को अधुनान्त तकनीकी संसाधनों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा।
4. ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ गहन पैठ बनाई जायेगी और उनसे घुलमिल कर उनका विश्वास जीतने का प्रयास किया जायेगा।
5. महिलाओं के विरूद्व समाज में व्याप्त परम्परागत कुरीतियों से महिलाओं को सजग किया जायेगा और ऐसे विषयों पर उनसे ऐतिहासिक और आज के युग में सफल महिलाओं के दृष्टांत उद्धृत करते हुए विस्तृत चर्चा करके प्रेरित किया जायेगा।

उपरोक्त विषयों को संज्ञान में रखते हुये महाविद्यालय द्वारा प्रसार विभाग के अन्तर्गत महिला अध्ययन केन्द्र का गठन किया जाता है, जिसके कार्यपालन हेतु निम्नानुसार शिक्षकों को नामित किया जाता है –

| | | |
|---|---|---|
| **नोडल अधिकारी** | – | **डा0 अर्चना पाठक, विभागाध्यक्ष, शरीर रचना विज्ञान विभाग।** |
| **मुख्य समन्वयक** | – | **डा0 संजीव कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, प्रसार विभाग।** |
| **समन्वयक** | – | **डा0 रश्मि, सहायक आचार्य, प्रसार विभाग एवं** |
| | | **डा0 वर्षा गुप्ता, सहायक आचार्य, शरीर रचना विज्ञान विभाग।** |

उपरोक्तानुसार गठित महिला अध्ययन केन्द्र से निम्नानुसार कार्यवाही अपेक्षित है :–

1. महाविद्याालय द्वारा एक गॉव को अंगीकृत किया जायेगा और एक कार्यशाला का आयोजन करने के साथ महिला सुरक्षा समिति का गठन किया जायेगा।
2. अंगीकृत गॉव में सम्बन्धित समिति प्रत्येक सप्ताह ग्राम का भ्रमण करेंगी। समिति गॉव के प्रधान तथा गॉव की महिलाओं के बीच में आकर उन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं से अवगत करायेगी।
3. गॉव की महिलाओं का विश्वास जीतने के बाद उनसे महिलाओं से जुडे हुये मुद्दें पर चर्चा आगामी माहवार प्रस्तरों में वर्णित माध्यमों के प्रयोग से करने का प्रयास किया जायेगा।

4. विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा जुलाई 2021 से मार्च 2022 तक निम्न तालिका में वर्णित कलेण्डर के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करायेगें :–

# महिला अध्ययन केन्द्र में विश्वविद्यालय द्वारा आउटरीच/विस्तार गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेण्डर

| क्र0 सं0 | विशेष दिवस | मासिक विषय/प्रसंग | गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के समन्वयक एवं संचालनकर्ताओं के नाम |
|---|---|---|---|
| | | **जुलाई 2021** | |
| 1. | विश्व जनसंख्या दिवस<br>चिकित्सक दिवस | • सुरक्षित मातृत्व गर्भ संस्कार तथा संस्थागत प्रसव<br>• महिला एवं बाल कुपोषण निवारक तथा पुष्टाहार वितरण<br>• महिलओं में रक्त की कमी, ब्रेस्ट कैंसर तथा सरवाईकल कैंसर<br>• बच्चों में क्षय रोग निवारण आदि<br>• 6 माह से लेकर 5 वर्ष की उम्र वाले बच्चों की स्वास्थ्य की स्पर्धा<br>• किशोरियों कीस्वास्थ्य स्पर्धा<br>• पोषणयुक्त आहार बनाने की स्पर्धा | **डा0 रश्मि सिंह, समन्वयक**<br>डा0 अम्बिका शर्मा<br>डा0 शालिनी वासवाणी<br>डा0 पारूल<br>डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>श्रीमती अर्चना, कुलपति कार्यालय,<br>प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि, आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार) |
| 2. | अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस | • सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बनाये गये कानूनों के बारे में इन्हें जानकारी देना।<br>• सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी देना और इसका लाभ उन्हें अधिक से अधिक कैसे मिल सकता है। इसका व्यवहारिक ज्ञान भी देना तथा इन योजनाओं से उन्हें लाभ प्राप्त होने में यदि कोई कठिनाई आ रही है तो उसका निराकरण करना। | |
| | | **अगस्त 2021** | |
| 3. | स्वतन्त्रता दिवस<br>अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस<br>मित्रता दिवस | • परम्परागत रूप से महिलओं के विरूद्व समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीजियों जैसे– पर्दा प्रथा, दहेज, बेटी न पढाओं, घर से बाहर न निकलना इत्यादि के बारे में जागृत करना। | **डा0 अर्चना पाठक, समन्वयक**<br>डा0 बरखा शर्मा, डा0 रूचि तिवारी,<br>डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>श्रीमती शिवांगी सिंह, एजीबी विभाग।<br>श्रीमती ममता, जीवाणु विज्ञान विभाग<br>प्रतिनिधि कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार) |
| | | **सितम्बर 2021** | |
| 4. | शिक्षक दिवस साक्षरता दिवस | • सभी बच्चों का आँगनवाडी तथा प्राथमिक कक्षा में अनिवार्य रूप से दाखिला सुनिश्चित करना तथा यह सुनिश्चित करना कि दाखिले के उपरांत बच्चे नियमित रूप से स्कूल आयें और बीच में ही पढाई न छोडें।<br>• उच्च शिक्षा में अध्ययनरत बालिकाओं को गणित विज्ञान वाणिज्य आदि विषयों की शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना।<br>• नई शिक्षा नीति में महिलाओं के लिये प्रस्तावित व्यवस्था से भिज्ञ कराना इत्यादि | **डा0 रश्मि, समन्वयक**<br>डा0 श्यामा नारायण प्रभु<br>डा0 रेनू सिंह<br>डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>सुश्री रजनी, कुलसचिव कार्यालय,<br>प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार) |

<table>
<tr><td colspan="4">अक्टूबर 2021</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>गॉधी जयन्ती,<br>वृद्ध दिवस,<br>बालिका दिवस</td><td>• बृजुर्ग महिलाओं, विधवाओं एवं बच्चियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देख–रेख संबंधित सूचनायें / जानकारी</td><td>डा0 वर्षा गुप्ता, समन्वयक<br>डा0 मीना गोस्वामी<br>डा0 ममता, डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>श्रीमती प्रिया शर्मा, CPO office<br>श्रीमती किरन, FO office<br>प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार)</td></tr>
<tr><td colspan="4">नवम्बर 2021</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>बाल दिवस</td><td>लैंगिक भेदभाव / किशोरावस्था से जुड़े मुद्दे पर जानकारी</td><td>डा0 रश्मि सिंह, समन्वयक<br>डा0 अम्बिका शर्मा,<br>डा0 शालिनी वासवाणी, डा0 पारूल<br>डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>श्रीमती अर्चना, कुलपति कार्यालय,<br>प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार)</td></tr>
<tr><td colspan="4">दिसम्वर 2021</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>ऊर्जा संरक्षण दिवस<br>किसान दिवस<br>राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस</td><td>• ग्रामीण परिवेश में ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों का संरक्षण, इनके अपव्यय को रोका जाना<br>• बिजली का दुरूपयोग न होने पाये, बिजली बिल का समय से भुगतान हो आदि<br>• कृषि, उद्यान, पशुपालन तथा अन्य कृषि संबंधी विषयों पर चर्चा<br>• शासकीय योजनाओं से जुडकर इन गतिविधियों से अधिक से अधिक आय प्राप्त करने का प्रयास<br>• पर्यावरण/ जलवायु परिवर्तन /सतत् विकास के मुदृदे पर केन्द्रित गतिविधियों एवं महिलाओं के परिवार एवं समाज से जूडे पर्यावरण संरक्षण के बिन्दुओं पर केन्द्रित चर्चाऐं और व्यवहारिक ज्ञान भी देना जो स्वच्छता शुद्व पेय जल पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली इत्यादि पर हो।</td><td>डा0 अर्चना पाठक, समन्वयक<br>डा0 बरखा शर्मा<br>डा0 रूचि तिवारी<br>डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>श्रीमती शिवांगी सिंह, एजीबी विभाग।<br>श्रीमती ममता, जीवाणु विज्ञान विभाग प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार)</td></tr>
<tr><td colspan="4">जनवरी 2022</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस</td><td>• महिलाओं के स्वावलम्बन संबंधी मुद्दे, रोजगार की ओर प्रेरित करना, सेवा क्षेत्रों में जाने के लिए प्रेरित करना<br>• बैंकिग सेवायें स्वयं सहायता समूहों का गठन इत्यादि पर जानकारी देना<br>• विश्वविद्यालयों कालेजों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की चर्चा कराई जायें<br>• स्वयं सहायता समूह की महिलायें जिन वस्तुओं का उत्पादन करती है उन्हें बढावा दिया जायें।</td><td>डा0 रश्मि, समन्वयक<br>डा0 श्यामा नारायण प्रभु<br>डा0 रेनू सिंह<br>डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>सुश्री रजनी, कुलसचिव कार्यालय,<br>प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार)</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| फरवरी 2022 | | | |
| 9. | महिलाओं–बालिकाओ के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस राष्टीय महिला दिवस सरोजनी नायडू जी का जन्म दिवस | • इतिहास में अपनी प्रतिभाओं से ख्याति अर्जित करने वाली महिलायें से परिचय कराना।<br>• वर्तमान युग में भी देश की अनेक महिलाओं ने विविध क्षेत्रों में यथा–खेल शिक्षा चिकित्सा अन्तरित विज्ञान रोजगार व्यवस्था बैकिंग आदि उन्हें सम्मानित किया गया है ऐसी महिलाओं तथा उनकी उपलब्धियों /ख्याति की चर्चा करना<br>• स्थानीय स्तर पर किसी महिला/बालिका द्वारा यदि कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गयी है तो उसके बारे में चर्चा करना तथा उसके योगदान से भी परिचित कराना। | **डा0 वर्षा गुप्ता, समन्वयक**<br>डा0 मीना गोस्वामी<br>डा0 ममता<br>डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>श्रीमती प्रिया शर्मा, CPO office<br>श्रीमती किरन, FO office<br>प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार) |
| मार्च 2020 | | | |
| 10. | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस | राज भवन में प्रदेश स्तरीय महिला समागम का आयोजन। | **डा0 अर्चना पाठक, समन्वयक**<br>डा0 वर्षा गुप्ता<br>डा0 रश्मि, डा0 अमित सिंह (NSS)<br>डा0 रजनीश सिरोही (NCC)<br>प्रतिनिधि आँगनवाडी कार्यकर्ता (राज्य सरकार) |

5. उपरोक्त आयोजनों के दौरान मुक्त चर्चा, नुक्कड़ नाटक, वाद–विवाद, प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चर्चाएं संवाद एवं विभिन्न स्थानीय कार्यालयों का भ्रमण, स्थानीय सामयिक त्योंहारों एवं पर्वो को मिलजुल कर मनाया जाना आदि गतिविधियों सम्मिलित की जायेगी।

6. महिलाओं को व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना होगा। इसके लिए महिला समूहों का सफल दृष्टान्तों का भ्रमण कराना आदि गतिविधियों का भी आयोजन कराया जायेगी।

7. इन आयोजनों में समिति द्वारा ग्रामीण महिलाओं, वयस्क बालिकाओं तथा छोटी बच्चियों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी, तथा प्रयास यह होना चाहिए कि स्थानीय महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक हो।

8. विभिन्न गतिविधियों के लिए स्थानीय महिलाओं के छोटे–छोटे समूहों का गठन करने पर भी विचार कर लिया जाये और उन्हें अलग–अलग दायित्व देते हुये उनसे विभिन्न गतिविधियों को संपादित करने हेतु प्रेरित किया जाये।

9. ग्रामीण महिलाओं को विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, जनपद के महत्वपूर्ण कार्यालय, जनपद और आपास के अन्य पर्यटन स्थलों आदि का भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित कराया जाये।

10. इन गतिविधियों के आयोजन में एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, यूनिसेफ, स्काउट एवं गाइड, विभिन्न समाजसेवी संस्थानों आदि का भी सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

11. वर्ष में कम से कम चार स्पर्धाओं/प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये।

12. इन आयोजनों के दौरान सम्पन्न होने वाली विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं का उत्साहवर्धन किया जाये और विभिन्न अवसरों पर पुरस्कृत भी किया जायें।

13. वर्ष के अन्त में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 08 मार्च, 2022 को राज भवन में प्रवेश स्तर पर एक समागम आयोजित किया जायेगा। उसमें प्रत्येक विश्वविद्यालय से चयनित अधिकतम 10 महिलाओं का एक दल प्रतिभाग करेगा। इस समागम में प्रतिभाग करने वाली महिलाओं की सहभागिता से विभिन्न आयोजन किये जायेंगे, जिसकी रूपरेखा बाद में निर्धारित की जायेगी। पूरे वर्ष भर चले इन आयोजनों में उत्कृष्ट परफार्म करने वाली महिलाओं को मा0 कुलाधिपति द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा।

महाविद्यालय/विश्वविद्याालय द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2021–22 में उपरोक्तानुसार निर्धारित कार्यक्रम एवं गतिविधियों को संचालित किया जायेगा तथा कृत कार्यवाही की मासिक रिर्पोट अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा संकाय, कार्यालय को मुख्य समन्वयक द्वारा प्रेषित की जायेगी। कोविड प्रोटोकाल को संज्ञान में रखते हुये समस्त गतिविधियों का संचालन किया जाना अपेक्षित है। आवश्यकतानुसार मुख्य समन्वयक एवं नोडल अधिकारी अन्य विभागों यथा कृषि विज्ञान केन्द्र आदि से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

**(पी0 के0 शुक्ला)**
**अधिष्ठाता**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त शिक्षक/कर्मचारी द्वारा विभागाध्यक्ष/प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया महिला अध्ययन केन्द्र में उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यक्रमानुसार विस्तार गतिविधियों में कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।
2. वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, दुवासू।
3. कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

**(पी0 के0 शुक्ला)**
**अधिष्ठाता**